# तेरी कृपा बरसती रहे गोगाजी | By Sunny Hari

तेरी कृपा बरसती रहे गोगाजी
गोगा नाम का डंका भी बजता रहे
भीड़ भक्तों की लगती रहे गोगाजी
तेरा मंदिर हमेशा चमकता रहे
तेरी कृपा बरसती रहे गोगाजी.........

तुमने अपना समझ कर बुलाया मुझे
मोहिनी मुख तू अपना दिखाया मुझे
तेरी सूरत के हम सब दीवाने हुए
देख कर तुमको ये दिल मचलता रहे
तेरी कृपा बरसती रहे गोगाजी.........

आ गया जो भी गोगा के दरबार में
ठोकरें वो ना खायेगा संसार में
बस इसी तरह कृपा रहे आपकी
तेरे टुकड़ो से घर मेरा चलता रहे
तेरी कृपा बरसती रहे गोगाजी.........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%aa%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%b0%e0%a4%b8%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a5%87-%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%9c/